





नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 05 दिसंबर, 2025


## एक नजर में



### विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं को देखने पहुंचे अधिकारी

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की 1100 से अधिक शालाओं में व्यापक निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है. अधिकारियों द्वारा यह निरीक्षण कार्य 3 से 8 दिसंबर तक किया जाएगा. कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह पहल विद्यालयों की वास्तविक स्थिति सुधारने, शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत करने तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है. निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर अपनी संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. निरीक्षण के दौरान स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, शिक्षक उपस्थिति, विद्यार्थियों की स्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता, स्वच्छता सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाए.



### कन्या शिक्षा की छात्राओं ने किया कौशल प्रदर्शन

**सीहोर.** कन्या शिक्षा परिसर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पंडित प्रदीप मिश्रा, एमपी सीजी एनसीसी के डीडीजी ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए. कार्यक्रम में बालिकाओं ने सामूहिक गीत, कराटे एवं आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन, अनुभव कथन, लोक नृत्य, स्कूल बैंड प्रदर्शन, देशभक्ति नृत्य, योग प्रदर्शन, तीरंदाजी सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया. कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन भी किया गया. कार्यक्रम में कौस्तुभ करमरकर, प्राचार्य लोकेश सिंह, प्रशासक अशोक त्रिपाठी, विनोद बसावे, सत्येंद्र शर्मा सहित छात्राएं उपस्थित थीं.




### श्री विश्वकर्मा बढ़ई, सुतार महासभा का हुआ गठन

**आष्टा.** विश्वकर्मा बढ़ई सुतार समाज की बैठक रखी गई जिसमें मनोहर विश्वकर्मा को श्री विश्वकर्मा बढ़ई सुतार महासभा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया. कार्यक्रम में राजेश विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, मदन विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, संजय मालवीय, सोनू विश्वकर्मा, डॉ. अशोक विश्वकर्मा,गोलू विश्वकर्मा, दुर्गेश विश्वकर्मा, मदन लाल विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण पटेल, रमेश कारपेंटर, विष्णु विश्वकर्मा, कृष्णपाल विश्वकर्मा, मेहरबान विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.




### गीता पाठ के साथ छात्र-छात्राओं ने दिखाई कलाकृति

**रेहटी.** शासन के निर्देश अनुसार ग्राम मुर्राह में श्रीमद् भागवत गीता पाठ का आयोजन स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया. विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण की चित्रकला का चित्रण विभिन्न कलाकृतियों के रूप में किया गया वहीं विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ कलाकृति को पुरस्कृत भी किया गया. गीता पाठ एवं कलाकृति कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य रविंद्र राजोरिया द्वारा किया गया. इस अवसर पर सरपंच मनोज नागर, योगाचार्य डॉक्टर कालूराम नागर, काका नागर, रविंद्र राजोरिया, जगदीश अहिरवार, पांचाली शर्मा, महिमा बिल्लोरे, नितेश चौहान सहित जनप्रतिनिधि स्कूली छात्राएं शिक्षक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे. कार्यक्रम की सराहना विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई.



### कस्तूरबा कन्या विद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक

**सीहोर.** गुरुवार को शासकीय कस्तूरबा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) सुश्री पूजा शर्मा रहीं. बच्चियों को महिला संबंधी अपराधों, उनकी रोकथाम तथा उनसे बचाव हेतु आवश्यक सतर्कता के बारे मेंजानकारी प्रदान की गई. पॉक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं ऐसी स्थिति में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में भी अवगत कराया गया. कार्यक्रम में बच्चियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया तथा उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए. बच्चियों को यह भी बताया गया कि किसी भी अपराध या घटना की स्थिति में कहां और किस प्रकार रिपोर्ट दर्ज की जाती है. इसके अतिरिक्त बच्चियों को नशा-मुक्ति, साइबर जागरूकता तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया.

# स्टेट हाईवे पर खड़े वाहनों को लेकर अनदेखी

## जिला मुख्यालय के हाउसिंग बोर्ड से सोया चौपाल तक आठ किलोमीटर फोरलेन अतिक्रमण की चपेट में



**सीहोर.** नगर के इंदौर नाका क्षेत्र में हाईवे पर खड़े करके ट्रकों को सुधारने का काम लंबे समय से निर्बाध चला आ रहा है.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 दिसंबर. जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण जहां शहर के अंदरुनी क्षेत्रों में अतिक्रमण का साम्राज्य स्थापित रहकर आमजनों की दिक्कतों को बढ़ा रहा है, वहीं स्टेट हाईवे भी अतिक्रमण से अछूता नहीं बचा है. आलम यह है कि हाउसिंग बोर्ड से सोया चौपाल तक आठ किलोमीटर मार्ग के दोनों ओर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण ने लोगों का निकलना दूभर कर रखा है.**

सोया चौपाल से हाउसिंग बोर्ड तक आठ किलोमीटर लंबाई में पुराने स्टेट हाइवे का पीडब्ल्यूडी ने फोरलेन में निर्माण कराया है। शहर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण इस उद्देश्य से कराया गया है कि यहां पर ट्रैफिक दबाव अधिक रहता है. सड़क चौड़ी होने

- ▶इंदौर नाका पर तो खराब वाहन सड़क पर ही सुधारते हैं
- ▶फरवरी में रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान उमड़ेगी भारी भीड़

के बाद जाम की समस्या नहीं होगी, लेकिन सड़क बनने के बाद भी गंगा आश्रम पर रोज ट्रैफिक जाम के हालात बन रहे हैं, क्योंकि यहां अस्पताल, निजी क्लिनिकों, बैंक और शोरूम के पास पार्किंग की सुविधा नहीं होने से नदी चौराहा से बस स्टैंड के दोनों तरफ दो और चार पहिया वाहन अवैध रूप से पार्क कर दिए जाते हैं, जिससे हाइवे से निकलने वाली बस सहित अन्य बड़े वाहनों को निकलने जगह नहीं बचती है। यही कारण है कि दिन भर में कई बार जाम के हालात बनते हैं। हालांकि कई बार संस्थान को चिहिंत कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं.

टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग के हिसाब से शोरूम, काप्लेक्स और अस्पताल भवन निर्माण के दौरान बेसमेंट पार्किंग के लिए आरक्षित किया जाता है. शोरूम, काम्प्लेक्स, अस्पताल भवन में आन रिकार्ड बेसमेंट की पार्किंग दिखाया गया है, लेकिन पार्किंग नहीं है. अधिकांश इमारतों के बेसमेंट में दुकानें खुल गई हैं. इन दुकानों से चार से पांच हजार रुपए किराया वसूला जा रहा है और वाहन सड़क पर नो पार्किंग में खड़े किए जा रहे हैं. इससे एक लापरवाही नगर पालिका की भी है. नगर पालिका चाहे तो बेसमेंट में स्थित दुकानों को बंद करा सकती है, लेकिन नपा इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है.

### इंदौर नाके के समीप सड़क को बना डाला मैकेनिक नगर

शहर के मध्य से गुजरने वाले भोपाल- इंदौर स्टेट हाईवे स्थित इंदौर नाके के समीप सड़क पर खड़े भारी वाहनों के कारण अब तक काफी हादसे घटित हो चुके हैं, लेकिन यातायात पुलिस द्वारा इन्हें हटाया जाना आवश्यक नहीं समझा जा रहा है. यही कारण है कि बेखौफ होकर मैकेनिक सड़क घेरकर खड़े वाहनों की मरम्मत करते देखे जा सकते हैं. शहर के मध्य से गुजरने वाले भोपाल- इंदौर राजमार्ग पर हाउसिंग बोर्ड से इंदौर नाके तक अतिक्रमण का वर्चस्व बना हुआ है. बस स्टैंड स्थित हाईवे की एक लेन पर तो दुपहिया वाहनों का कब्जा रहता है जिसकी वजह से दिन में कई बार जाम के हालात निर्मित होते हैं. ऐसे ही हाल गंगा आश्रम क्षेत्र के हैं जहां डॉक्टरों के अलावा मरीजों को लेकर आने वाले वाहन सड़क पर ही पार्किंग होते हैं. जिससे दिन भर जाम लगता है. कई बार तो जाम में मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस भी फंस जाती हैं, जिससे मरीजों की जान पर बन आती है. ऐसे ही हालात इंदौर नाके के समीप देखे जा सकते हैं जहां मैकेनिकों द्वारा सड़क पर ही खड़े करते हुए वाहनों को सुधारा जाता है. इतना ही नहीं कई ट्रक तो यहां महीनों से खड़े हैं जो यातायात में बाधक बनते हैं. इनके कारण कई बार गंभीर सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इन ट्रकों को हटाने में लापरवाही बरती जा रही है. शायद उन्हें किसी अनहोनी का इंतजार है.

### अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करेंगे

नपा द्वारा बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था न करते हुए दुकानें संचालित करने वाले भवन मालिकों को नोटिस दिए गए थे. मैं अभी अवकाश पर हूं. सोमवार से एक बार फिर शहर में वृहद स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा और यातायात में बाधक बनने वाले अतिक्रमण को सख्ती के साथ हटाने की कार्रवाई की जाएगी.

**सुधीर कुमार ,**
सीएमओ, नपा सीहोर

### हम अक्सर करते हैं चालानी कार्रवाई

हमारे द्वारा नियमित इन वाहनों को हटवाया जाता है. इसके अलावा चालानी कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन कुछ समय बाद वापस यह वाहन सड़क पर खड़े हो जाते हैं. आज ही इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा गंगा आश्रम एवं बस स्टैंड क्षेत्र में भी यातायात में बाधक बनने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई करेंगे.

**बृजमोहन धाकड़,**
यातायात प्रभारी

### यातायात में बाधक बने ओटले को ढहाया



**बुधनी.** समीपस्थ भैरूंदा तहसील मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित सीलकंठ पंचायत में गुरुवार को शिकायत के बाद एक 5 फीट लंबा ओटला तोड़ दिया गया. बताया जाता है कि यह ओटला पंचायत रोड पर आ रहा था, जिसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की गई थी. शिकायत की जांच के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सत्यापन के बाद कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार आरती सोलंकी, पटवारी दौलत सिंह राजपूत, जितेंद्र सिकरवार, ग्राम पंचायत सचिव राधेश्याम पवार सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे. इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ओटले से किसी को कोई परेशानी नहीं हो रही थी, लेकिन उस रास्ते से रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों की नियमित आवाजाही के कारण आवागमन में दिक्कत होती है. इसी वजह से शिकायतें दर्ज कराई गईं और ओटला हटवाया गया. इस कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि क्या प्रशासन केवल इसी ओटले पर कार्रवाई तक सीमित रहेगा या पंचायत क्षेत्र में मौजूद अन्य अतिक्रमणों के खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई को अंजाम देगा.

## कोर्ट ने दिया स्कूल निर्माण रोकने का आदेश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 दिसंबर.** चांदबढ़ जागिर में बन रहे प्राथमिक विद्यालय के निर्माण कार्य को रोकने का आदेश न्यायालय के द्वारा पारित किया गया है.

यह बताते चले कि चाँदबढ़ जागिर का यह विवादित प्राथमिक विद्यालय भूमि पूजन के दिन से ही विवाद में आ गया. विवाद का मुख्य कारण इस विद्यालय को बांध के डूब क्षेत्र में बनाया जाना है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि बांध में जलभराव की स्थिति में हमारे छोटे-छोटे बच्चे जो इस विद्यालय में अध्ययन के लिये आएंगे. उनका जीवन खतरे में पड़ सकता है। क्योंकि स्कूल के आस-पास बांध का पानी भरा हुआ होगा। पंचायत जिस स्थान पर विद्यालय बना रही है, उससे मात्र तीस-चालिस फिट की दूरी पर स्थित माध्यमिक शाला डूब क्षेत्र में चली गई है. उसी विद्यालय के पास यह स्कूल बनाया जा रहा है. इस विद्यालय को आवंटित स्थल पर क्यों नही बनाया गया. ग्रामीणों ने इसकी शिकायत शासन व प्रशासन से की, अंत में ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। शासन द्वारा इस विद्यालय को रोकने का कार्य नही किया गया, तब ग्रामीणों ने न्यायालय की शरण ली न्यायालय ने ग्रामीणों की पीड़ा पर संज्ञान लेते चाँदबड़ जागीर के इस प्राथमिक विद्यालय के निर्माण पर रोक लगा दी है. यह उल्लेखनीय है कि न्यायालय के द्वारा पारित आदेश को जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लाक शिक्षा अधिकारी को अवगत करा दिया गया है.

## स्कूलों की खराब हालत, कलेक्टर ने लगाई फटकार

- ▶शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान खिन्न दिखे कलेक्टर
- ▶सप्ताह में तीन स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 दिसंबर.** कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट में शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की. बैठक में उन्होंने जिले की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा की. उन्होंने पढ़ाई पर ध्यान न देने वाले और लगातार खराब प्रगति वाले स्कूल प्रमुखों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी स्थिति पाई गई तो संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

बैठक में शिक्षकों के ई-अटेंडेंस की स्थिति, समग्र शिक्षा के अंतर्गत छात्रवृत्ति स्वीकृति, प्रोफाइल अपडेशन, अपर्याप्त खातों की समीक्षा, शालाओं के निरीक्षण कार्य, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में पाठ्यक्रम की प्रगति और कक्षा 10वीं तथा 12वीं के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विद्यार्थियों की बैंक संबंधी त्रुटियों के कारण छात्रवृत्ति लंबित है, उनके खाते शीघ्र सही कराकर राशि उपलब्ध कराई जाए. उन्होंने कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब बहुत कम समय है, इसलिए




सभी स्कूल प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि पाठ्यक्रम समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा कमजोर छात्रों की पहचान कर उनके लिए विशेष अभ्यास कक्षाएं आयोजित की जाएं. उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक स्कूल समय पर पहुंचें और ई-अटेंडेस के माध्यम से अपनी उपस्थित दर्ज कराएं. कलेक्टर ने जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सप्ताह में कम से कम तीन स्कूलों का अनिवार्य निरीक्षण करें.

## सामूहिक विवाह से होती समय और धन की बचत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 दिसंबर.** वर्तमान में सामूहिक विवाह समारोह की महत्ता अधिक बढ़ रही है। धन, समय की बचत तो होती है साथ समरूपता की भावना भी जागृत होती है. उक्त कथन राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल ने प्रयागराज में सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए नव दंपत्ति के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

युवा अध्यक्ष सुशील शिवहरे ने बताया सामूहिक विवाह समारोह के आयोजक अधिवक्ता टीएन




जायसवाल द्वारा आयोजित हुआ जिसमें 9 जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ निभाने की कसम खाई. समारोह में अनेक प्रदेशों से समाजजनों ने नव दंपत्ति को आर्शीवाद दिया। दोपहर को नगर के विभिन्न मार्गों से भव्य बारात स्थानीय केपी कालेज से प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत सत्कार किया गया. बारातियों जिसमें डा. अर्चना जायसवाल, शिवचरण हांडा, राकेश राय सीहोर, राजेश राय , सुशील शिवहरे, जुगल किशोर राय, ह्रदेश राय, गिरिजा शंकर राय, विश्वनाथ कलवार, मधुबाला कलवार, धनेंद्र धुवारे, ब्रजेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, पंकज जायसवाल सहित अनेक समाजजन, स्थानीय स्वजातीय बंधुओं ने जमकर बैण्ड बाजा और डीजे की मधुर ध्वनि पर जमकर डांस किया. आयोजन में अनेक लोग उपस्थित थे.

## विभिन्न कंपनियां करेंगी 700 पदों पर भर्ती

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 दिसम्बर.** जिला प्रशासन द्वारा युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 9 दिसंबर को प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में किया जायेगा.

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक), नवकिसान बॉयो प्लांटेक भोपाल, षिवषक्ति बॉयो प्लांटेक भोपाल, दीपक फासनर्स जताखेड़ा, चेकमेट सेक्योरिटी सर्विसेस बड़ौदा, लायन फेब्रिक्स प्रा.लि. बुदनी, यशस्वी ग्रुप भोपाल, श्रीराम फाइनेंस सीहोर, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. भोपाल, नवभारत फर्टिलाइजर जबलपुर, एसबीआई लाइफ आईसर कंपनी पीथमपुर, वर्धमान फैब्रिक्स, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, ड्रीम फाइनेंशियल सर्विसेज एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट, कॉसमॉस मेनपावर प्रालि गांधीनगर, ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी इत्यादि कम्पनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन ऑपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, बैंकिंग क्षेत्र आदि 700 पदों पर भर्ती की जाएंगी.

## सत्यसाईं विवि में हुआ शिष्योपनयन संस्कार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 दिसंबर.** आयुर्वेद और सिद्ध अध्ययन विद्यालय श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेस में नवप्रवेशित छात्र सत्र 2025-26 के शिष्योपनयन संस्कार एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

यह संपूर्ण कार्यक्रम मानकों के अनुसार आगामी 15 दिनों तक संचालित किया जाएगा. इस अवधि में विद्यार्थियों को आयुर्वेद की उपयोगिता, पाठ्यक्रम की रूपरेखा, एवं आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जाएगा. इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुसूदन देशपांडे, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ गुरु आरोग्य भारती के पूर्व सचिव, डॉ. हरेंद्र भदौरिया, नीमा राष्ट्रीय संगठन, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण वानखेड़े उपस्थित रहे. डॉ. मधुसूदन देशपांडे ने कहा कि विद्यार्थियों को आयुर्वेद को पूर्ण रूप से अंगीकार करते हुए ज्ञानार्जन करना चाहिए तथा भविष्य में उसी ज्ञान को समाज सेवा एवं चिकित्सा रूप में समर्पित करना चाहिए. उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व को विस्तार से बताते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का संचार किया. कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी ने कहा कि आगामी समय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संभावनाओं से परिपूर्ण है. विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर पूर्ण निष्ठा के साथ विद्याभ्यास करना चाहिए.

**निरीक्षण** ▶उप पुलिस महानिरीक्षक देहात रेंज पहुंचे कुबेरेश्वर धाम, आयोजकों के साथ की बैठक

## रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 दिसंबर.** आगामी रूद्राक्ष महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुये उप पुलिस महानिरीक्षक देहात रेंज ने अधिकारियों की बैठक ली. साथ ही कुबरेश्वर धाम का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने मण्डी थाने का भी निरीक्षण किया.

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम में आगामी 14 से 20 फरवरी तक होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक देहात रेंज राजेश चंदेल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बैठक ली. इस दौरान बैठक में मार्ग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल, बसों एवं आटो से श्रद्धालुओं के आने-जाने की स्थिति, एलईडी व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पानी, फायर, बिजली, पी.ए. सिस्टम तथा कुबरेश्वर धाम में प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा कर कुबेरेश्वर धाम की व्यवस्थाओं को समझा गया. श्री चन्देल ने पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अधिकारियों के साथ कुबरेश्वर धाम का भ्रमण कर पुलिस कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था स्थल, कथा स्थल, अस्पताल, भोजनशाला, आदि स्थानों का भ्रमण कर अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. इसके बाद श्री राजेश चंदेल द्वारा थाना मण्डी का निरीक्षण कर विभिन्नविषयों पर चर्चा कर अपराधों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव, निरीक्षक एसबी सत्येन्द्र यादव, प्रभारी यातायात सुबेदार बृजमोहन धाकड़, प्रभारी डीएसबी रेखा जोझा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

